**आरएफपी संदर्भ सं.: -रा.आ.बैंक (एएमडी)/जीएडी/2022 दिनांकित 12.04.2022**

# रा.आ.बैंक के अहमदाबाद कार्यालय को मासिक टैक्सी सेवाएं प्रदान करने हेतु एजेंसी की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध

**राष्ट्रीय आवास बैंक,**
**अहमदाबाद क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय,**
**मेजेनाइन फ्लोर, जी-7, साकर-I,**
**आश्रम रोड, अहमदाबाद - 380009**
**फोन: 079-26582523**
**ईमेल: roahm@nhb.org.in**

| **1. महत्वपूर्ण बोली विवरण** | | |
|---|---|---|
| 1. | बोली/निविदा/आरएफपी दस्तावेजों की बिक्री आरंभ होने की तिथि | 12.04.2022 |
| 2. | बोली दस्तावेज प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.04.2022: 1700 बजे |
| 3. | तकनीकी बोली खोलने की तिथि एवं समय | 21.04.2022: 1100 बजे |
| 4. | बोलियां खोलने का स्थान | राष्ट्रीय आवास बैंक,<br>अहमदाबाद क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय,<br>मेजेनाइन फ्लोर, जी-7, साकार-I,<br>आश्रम रोड, अहमदाबाद - 380009<br>फोन: 079-26582523 |

- **बोलियों को उन बोलीदाताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा जो उपरोक्त में भाग लेना चाहेंगे। उपरोक्त अनुसूची परिवर्तन के अधीन है। किसी भी परिवर्तन की सूचना ईमेल पत्राचार के माध्यम से दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, कृपया ध्यान दें कि वित्तीय बोली खोलने की तिथि, समय और स्थान तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं को बाद में सूचित किया जाएगा।**
- **इस आरएफपी के साथ दस्तावेजी साक्ष्य/कंपनी के माध्यम से प्रस्तुत सभी डाटा/सूचना को रिपोर्ट किया जाएगा एवं इस आरएफपी के प्रकाशन की तारीख को माना जाएगा।**

## 1. राष्ट्रीय आवास बैंक का परिचय:

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) भारत सरकार के तहत एक सांविधिक निकाय है तथा आवास वित्त क्षेत्र के संवर्धन, विकास एवं पर्यवेक्षण के लिए अधिदेश के साथ संसद अधिनियम के तहत गठित एक शीर्ष वित्तीय संस्थान है।

रा.आ.बैंक का मुख्य कार्यालय नई दिल्ली में है और इसके क्षेत्रीय कार्यालय/क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता और लखनऊ में हैं।

## 2. अपेक्षित विवरण

राष्ट्रीय आवास बैंक देश भर में अपने कार्यालयों के लिए मासिक भुगतान के आधार पर एसी वाहन किराए पर लेना चाहता है। इस संबंध में, बैंक के अहमदाबाद क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय में प्रारंभिक एक वर्ष की अवधि के लिए निम्नलिखित मेक के वाहनों के वाहन की आपूर्ति के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं, जिसे एक वर्ष अर्थात अधिकतम 2 वर्ष हेतु बढ़ाया जा सकता है। कार का मॉडल जिसे प्रदान करना आवश्यक है वह निम्नानुसार है:

| क्रं. सं. | वाहन/मॉडल का प्रकार | अपेक्षित वाहनों की सं. | अपेक्षित विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | स्विफ्ट डिज़ायर * | 01 | ईंधन और चालक सहित मासिक आधार पर कार की आवश्यकता होती है |

**  योजना के अनुसार संबंधित कार्यालयों द्वारा संशोधित किए जाने वाले वाहन का नाम एवं मॉडल (अर्थात् कार का मॉडल तय करते समय कार की खरीद हेतु मौद्रिक सीमा को ध्यान में रखा जाना चाहिए)*

*अन्य अपेक्षित विवरण निम्नानुसार हैं:*

- ड्यूटी का समय 3000 किमी x 364 घंटे के यूसेज वेरिएंट में होगा।
- आधिकारिक ड्यूटी पर यात्रा करने हेतु बैंक द्वारा वास्तविक आधार पर टोल शुल्क का भुगतान किया जाएगा।
- एजेंसी को एक लॉगबुक रखनी होती है जिस पर बैंक के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए जो सेवाएं प्राप्त कर रहे हों।
- प्रस्तावित वाहन अच्छी स्थिति में होना चाहिए एवं वातानुकूलित होना चाहिए
- कार के साथ प्रदान किया गया चालक अच्छी तरह से कार चलाने में अनुभवी और कार चलाने हेतु चिकित्सकीय रूप से फिट होना चाहिए (इस आशय का एक चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र प्रदान करना

होगा)।

- ड्राइवर की पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट बैंक को देनी होगी।
- वाहन और ड्राइवर को निर्दिष्ट किया जाना चाहिए और यदि ड्राइवर अवकाश पर जाता है या कार को मरम्मत / सेवा के लिए दिया जाता है, तो वेंडर द्वारा एक उपयुक्त प्रतिस्थापन प्रदान किया जाना चाहिए।
- यदि आवश्यक हो, तो वाहन को सप्ताहांत के साथ-साथ छुट्टियों पर भी उपलब्ध कराना होगा।
- वाहनों का व्यापक रूप से बीमा किया जाना चाहिए और परिवहन विभाग / प्राधिकरण से आवश्यक परमिट होना चाहिए।
- ईंधन, मरम्मत और अनुरक्षण, ड्राइवर परिलब्धियों आदि से संबंधित सभी व्यय वेंडर द्वारा वहन किए जाएंगे।

## 3. <u>बोलीदाताओं के लिए निर्देश</u>

### 3.1 सामान्य:-

- बोलीदाताओं द्वारा उत्तरों के विकास, तैयारी एवं प्रस्तुति बैठक, परिचर्चा, प्रदर्शन इत्यादि में उपस्थिति तक ही सीमित नहीं; इससे किसी भी तरह जुड़े एवं राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा अपेक्षित कोई अतिरिक्त सूचना प्रदान करने में खर्च की गई सभी लागत एवं व्यय पूरी तरह व विशेष रूप से बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
- बोली के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले संविदा-पूर्व सत्यनिष्ठा समझौता के अलावा, संविदात्मक करार के निष्पादन तक बोलीदाताओं एवं रा.आ.बैंक में से किसी के भी बीच कोई बाध्यकारी कानूनी संबंध नहीं होंगे। बोलियों के मूल्यांकन एवं उनको अंतिम रूप देने के एवं सफल बोलीदाता की पहचान के पश्चात सत्यनिष्ठा समझौता सफल बोलीदाता द्वारा निश्चित समझौता के भाग हेतु होगा। अन्य बोलीदाताओं के लिए, संविदा-पूर्व सत्यनिष्ठा समझौता प्रस्तुत बोली के संबंध में कथोक्त संविदा पूर्व सत्यनिष्ठा समझौता के उल्लंघन में बोलीदाता द्वारा किए गए किसी कार्य/चूक हेतु उन पर बाध्य होगा।

- प्रत्येक बोलीदाता मानेगा एवं स्वीकार करेगा कि राष्ट्रीय आवास बैंक अपने पूर्ण विवेक पर पात्र बोलीदाताओं को छांटने/चयन करने में प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के लिए दस्तावेजों में विनिर्दिष्ट चयन मानदंड अपना सकता है।

- प्रत्येक बोलीदाता को इस आरएफपी के जवाब में अपनी बोली जमा करके, इस आरएफपी की शर्तों और अस्वीकरण को स्वीकार करने वाला माना जाएगा।

- बोलीदाताओं से अपेक्षित है कि वे इस आरएफपी से संबंधित सभी पत्राचार सीधे निम्नलिखित नामित संपर्क व्यक्तियों को भेजें:

| | |
|---|---|
| नाम: सुश्री मधुमिता<br>पदनाम: उप प्रबंधक<br>ईमेल आईडी: madhumita@nhb.org.in<br>फ़ोन नंबर: 9958182009 | नाम: सुश्री यतिक्षा चौहान<br>नाम: उप प्रबंधक<br>ईमेल आईडी: yatiksha.chauhan@nhb.org.in<br>फ़ोन नंबर: 8826605226 |

- राष्ट्रीय आवास बैंक आरएफपी/निविदा बंद होने के पश्चात अपने पूर्ण विवेक पर किसी भी बोलीदाता/ बोलीदाताओं से अतिरिक्त सूचना अथवा सामग्री की मांग कर सकता है एवं बोलीदाता के प्रत्युत्तर के तौर पर ऐसी सभी सूचना एवं सामग्री उपलब्ध कराई जानी अत्यंत आवश्यक होगी।

- यह सुनिश्चित करने के लिए कि आरएफपी हेतु प्रत्युत्तर तुरंत सूचित किया जाए, बोलीदाताओं को अपने संपर्क व्यक्ति, टेलीफोन, ई-मेल एवं पूरे पते का विवरण देना चाहिए।

- यदि राष्ट्रीय आवास बैंक अपने पूर्ण विवेक पर यह समझे कि प्रश्न का प्रवर्तक प्रश्न के प्रत्युत्तर से लाभ हासिल करेगा तो राष्ट्रीय आवास बैंक के पास सभी बोलीदाताओं को ऐसे उत्तर बताने का अधिकार सुरक्षित होगा।

- यदि कोई पूछताछ/स्पष्टीकरण हो तो उपर्युक्त संपर्क व्यक्ति/व्यक्तियों से सोमवार से शुक्रवार, सार्वजनिक अवकाशों को छोड़कर प्रात: 1030 से सायं 1730 बजे तक बोलियों के प्रस्तुत करने की समय-सीमा के पूर्व जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

- **बोलीदाता को सरकार, अर्ध सरकारी एजेंसियों, सांविधिक, विनियामक, पीएसयू या पीएसबी और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा प्रतिबंधित या असूचीबद्ध नहीं किया गया हो।**

- रा.आ. बैंक अपनी आरएफपी के परिणाम के जारी होते ही सभी शार्ट लिस्ट बोलीदाताओं को लिखित रूप में अथवा मेल के द्वारा या उसे अपनी वेबसाइट में प्रकाशित करके सूचित करेगा। रा.आ. बैंक ऐसी किसी भी स्वीकृति या अस्वीकृति के लिए कोई कारण देने के लिए बाध्य नहीं है।

### 3.2 निविदा/आरएफपी दस्तावेज की सॉफ्ट प्रति

निविदा/आरएफपी दस्तावेज की सॉफ्ट प्रति रा.आ.बैंक की वेबसाइट http://www.nhb.org.in पर उपलब्ध कराई जाएगी।

### 3.3 निविदा/आरएफपी की अहस्तांतरणीयता

यह निविदा/आरएफपी दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।

### 3.4 विलोपन अथवा परिवर्तन

विलोपन या परिवर्तन वाले प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। रा.आ.बैंक के विवेक पर तकनीकी बोलियों में किसी भी अंतरालेखन, विलोपन या उपरिलेखन को केवल विचार किया जाएगा, केवल तभी यदि वह बोलियों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति द्वारा आद्याक्षरित हो। हालाँकि, वाणिज्यिक बोली में किसी भी तरीके से कोई अंतरालेखन, विलोपन या उपरिलेखन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। प्रस्ताव में हाथ से लिखित सामग्री, सुधार अथवा संशोधन न हो। तकनीकी विवरण पूरी तरह भरा हो। प्रस्तावित उत्पाद की सही तकनीकी जानकारी भरी जाये। “ठीक”, “स्वीकृत”, “नोट किया गया”, जैसा कि ब्रोशर/नियमावली में दिया गया है, इन शब्दों का प्रयोग करके जानकारी भरना स्वीकार्य नहीं है। हालांकि, रा.आ.बैंक इन दिशा-निर्देशों का पालन न करने वाले प्रस्तावों को अस्वीकृत करेगा। रा.आ. बैंक अपने विवेकाधिकर पर, प्रस्ताव में कोई भी मामूली गैर-अनुरुपता या किसी भी मामूली अनियमितता में छूट कर सकता है। यह सभी बोलीदाताओं पर बाध्यकारी होगा तथा रा.आ.बैंक इस तरह की छूट के लिए अधिकार सुरक्षित रखता है।

### 3.5 बोली/निवदा/आरएफपी दस्तावेजों में संशोधन

- बोलियों की प्रस्तुति की समय सीमा से पूर्व किसी भी समय पर राष्ट्रीय आवास बैंक किसी कारण के लिए संशोधन या शुद्धिपत्र द्वारा बोली/निविदा/आरएफपी दस्तावेजों में संशोधन कर सकता है।
- संशोधनों को रा.आ.बैंक की वेबसाइट www.nhb.org.in पर दर्शाया जाएगा।
- सभी बोलीदाताओं को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आरएफपी में सभी संशोधन/वृद्धि (यदि कोई हो) बोली प्रस्तुत करने से पूर्व उन्होंने उस पर विचार कर लिया है। किसी बोलीदाता द्वारा किसी प्रकार चूक के मामले में रा.आ.बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
- रा.आ.बैंक अपने विवेक पर बोली प्रस्तुत करने की समय-सीमा बढ़ा सकता है।
- किसी भी प्रकार के संप्रेषण में कमी के लिए रा.आ.बैंक उत्तरदायी नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, रा.आ.बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी चरण में आरएफपी को रद्द करने या निविदा प्रक्रिया को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

### 3.6 बोली की भाषा

बोलीदाताओं द्वारा तैयार बोली के अलावा बोलीदाता एवं रा.आ.बैंक के बीच बोली से संबंधित आदान-प्रदान

किये जाने वाले सभी पत्राचार एवं दस्तावेज एवं समर्थित दस्तावेज व मुद्रित साहित्य अंग्रेजी में लिखी जाएगी।

**3.7 स्थान/मात्रा में संशोधन का अधिकार**

राष्ट्रीय आवास बैंक के पास आरएफपी में विनिर्दिष्ट मात्रा में परिवर्तन करने का अधिकार है।

**3.8 बोली में शामिल किये जाने वाले दस्तावेज (प्रारुपों में अलग से निर्दिष्ट निर्देशों का कृपया अनुसरण करें, यदि कोई हो)**

1. **अनुलग्नक I** में निर्धारित प्रारूप में बोलीदाता की जानकारी;
2. **अनुलग्नक II** में निर्धारित प्रारूप में अनुपालन विवरण घोषणा;
3. **अनुलग्नक III** में निर्धारित प्रारूप में विचलनों की सूची, यदि कोई हो;
4. **अनुबंध IV** में पूर्व योग्यता पर वचनपत्र;
5. **अनुलग्नक V के अनुसार वाणिज्यिक बोली कवरिंग पत्र;**
6. **अनुलग्नक VI के अनुसार वाणिज्यिक बोली प्रारूप;**
7. **अनुलग्नक VII में** निर्धारित प्रारूप में ईसीएस अधिदेश;
8. **अनुलग्नक VIII** में प्रारूप में संकल्प मैट्रिक्स ;
9. **अनुलग्नक IX** में प्रारूप में संविदा-पूर्व सत्यनिष्ठा समझौता (जहां भी लागू हो) *(संविदा-पूर्व सत्यनिष्ठा समझौता प्राधिकृत हसताक्षरी द्वारा विधिवत हसताक्षर किए 100/- रू. के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर सही तरीके से टंकित कर प्रस्तुत करना होगा और तत्पश्चात रा.आ.बैंक की ओर से भी हस्ताक्षर किया जाएगा। निष्पादन की तारीख बोलीदाता द्वारा तकनीकी बोली में उल्लिखित तारीख होनी चाहिए)*
10. **अनुलग्नक X** के अनुसार सेवा स्तरीय करार प्रारूप;
11. **अनुलग्नक X** के अनुसार **वचनपत्र**;
12. **अनुलग्नक XII** के अनुसार **घोषणा**
13. **अनुलग्नक XIII में** निर्धारित प्रारूप **में योग्यता पत्र;**

**3.9 बोली मुद्रा**

प्रारूप के अनुसार बोली लगाई जानी है और सभी स्थानों पर भारतीय रूपए का उपयोग किया जाएगा।

**3.10 कार्यान्वयन अनुसूची**

- बोलीदाता कार्य आदेश की तारीख से दो सप्ताह के भीतर सेवा शुरू करेगा।
- प्रत्येक दिन की देरी के लिए उद्धृत शुल्क का 0.2% अर्थदंड काट लिया जाएगा।

### 3.11 बोलियों की वैधता अवधि

- बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत कीमतें तथा अन्य शर्तें रा.आ.बैंक द्वारा स्वीकृत हेतु वाणिज्यिक बोली प्रस्तुत करने की तारीख से 12 माह की स्वीकृति अवधि के लिए वैध होनी चाहिए।
- असाधारण परिस्थितियों में रा.आ.बैंक बोलीदाताओं से वैधता की अवधि बढ़ाने के लिए सहमति की मांग कर सकता है। उसके लिए अनुरोध और प्रतिक्रिया लिखित में होगी।

### 3.12 बोली का प्रारूप तथा हस्ताक्षर

प्रत्येक बोली दो भागों में जमा होगी:

- **भाग I**: अनुलग्नक V और VI को छोड़कर सभी अनुलग्नक में वर्णित घोषणा, बोली सुरक्षा के प्रमाण शामिल है। उपरोक्त सामग्री को **"तकनीकी प्रस्ताव"** के रूप में संदर्भित किया जाएगा।
- **भाग II: "वाणिज्यिक बोली"** के रूप में संदर्भित होने के बाद केवल वाणिज्यिक बोली कवर करेंगे, **जिसमें** केवल अनुलग्नक V और VI **शामिल होंगे।**
- मूल बोली पक्की स्याही से टाइप की हुई या लिखित में होनी चाहिए तथा संविदा के बोलीदाता के लिए बाध्य विधिवत प्राधिकृत एक व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षित होनी चाहिए। व्यक्ति अथवा व्यक्तियों जो बोली हस्ताक्षर कर रहे हैं, असंशोधित मुद्रित साहित्य के अलावा बोली के सभी पृष्ठों पर संक्षिप्त हस्ताक्षर करेंगे।

### 3.13 बोलियों की सीलिंग एवं चिन्हांकन

- मास्टर लिफाफा जिस पर **"मासिक आधार पर कैब एवं टैक्सी किराए पर लेने की सेवाओं हेतु कोटेशन"** लिखा हो, उसे नीचे दिए गए पते पर रा.आ.बैंक को भेजा जाना चाहिए:

**सहायक महाप्रबंधक**
**राष्ट्रीय आवास बैंक,**
**अहमदाबाद क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय,**
**मेजेनाइन फ्लोर, जी-7, साकर-I,**
**आश्रम रोड, अहमदाबाद - 380009**
**फोन: 079-26582523**

सभी लिफाफों पर संपर्क नंबर के साथ बोलीदाता का नाम एवं पता कवर पर अंकित होना चाहिए।

- **बोलीदाता तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों वाले लिफाफों को अलग-अलग मुहरबंद करेगा एवं दोनों प्रस्तावों को एक ही मास्टर लिफाफे में रखना होगा।**
- लिफाफा नॉन-विंडो होना चाहिए और यथा लागू इसके ऊपर "**अहमदाबाद में मासिक आधार कैब एवं टैक्सी किराए पर लेने की सेवाएं हेतु तकनीकी प्रस्ताव**" एवं "**रा अहमदाबाद में मासिक आधार कैब एवं टैक्सी किराए पर लेने की सेवाएं हेतु वाणिज्यिक प्रस्ताव**" अलग से लिखा हो।
- यदि लिफाफा मुहरबंद और चिह्नित नहीं किया गया है, तो रा.आ.बैंक बोली के खो जाने या समय से पहले खुलने के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा।
- ऐसी बोलियां जो ठीक प्रकार से मुहरबंद नहीं हुई उन पर विचार नहीं किया जाएगा और अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

### 3.14 बोलियां प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख

- बोलियां रा.आ.बैंक बैंक को निर्दिष्ट पते पर प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से पहले, जिसे ऊपर दर्शाया गया है, प्राप्त हो जानी चाहिए।
- बोली प्रस्तुत करने हेतु निर्दिष्ट तिथि यदि रा.आ.बैंक के लिए अवकाश घोषित हो जाता है तो बोली अगले कार्य दिवस में निर्दिष्ट समय तक प्राप्त की जा सकती है।
- रा.आ. बैंक अपने विवेकाधिकार पर, रा.आ. बैंक की वेबसाइट की सूचना के साथ बोली दस्तावेजों में संशोधन करके बोली प्रस्तुत करने की समय-सीमा बढ़ा सकती है, इस मामले में, रा.आ. बैंक और बोलीदाताओं के सभी अधिकार और कर्तव्यों को पहले निर्धारित समय सीमा के अधीन किया जाएगा, इसके बाद से समय सीमा के अधीन बढ़ाया जाएगा।

### 3.15 विलम्ब से प्राप्त बोलियां

रा.आ. बैंक द्वारा बोलियां प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख के बाद रा.आ.बैंक को प्राप्त बोलियां रद्द कर दी जाएंगी और उन्हें बिना खोले बोली दाता को लौटा दिया जाएगा।

### 3.16 रा.आ.बैंक द्वारा बोलियां खोला जाना

- निर्धारित तारीख और समय पर, बोलियां रा.आ.बैंक समिति द्वारा बोलीदाता के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में, जो उस निर्धारित तारीख और समय को उपस्थित होंगे, खोली जाएंगी।

**तकनीकी बोलियां खोलने का स्थान:**
**राष्ट्रीय आवास बैंक,**
**अहमदाबाद क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय,**
**मेजेनाइन फ्लोर, जी-7, साकर-I,**
**आश्रम रोड, अहमदाबाद - 380009**
**फोन: 079-26582523**

बोलीदाता का नाम, या रा.आ.बैंक जैसे अन्य विवरण, अपने विवेक पर उचित समझ सकते हैं, तकनीकी बोली खोलने के समय की घोषणा की जाएगी।

### 3.17 बोलियों का स्पष्टीकरण

बोलियों के मूल्यांकन के समय, रा.आ.बैंक स्व निर्णयानुसार, बोलीदाता से उसकी बोली का स्पष्टीकरण मांग सकता है। स्पष्टीकरण के लिये अनुरोध और उसका उत्तर लिखित (फैक्स/ईमेल) होगा और बोली की विषय वस्तु में किसी परिवर्तन की मांग नहीं की जाएगी या अनुमति नहीं दी जाएगी।

### 3.18 प्रारम्भिक जांच

- रा.आ.बैंक यह देखने के लिये बोलियों की जांच करेगा कि क्या वे पूरी हैं, दस्तावेजों पर सही प्रकार हस्ताक्षर किये गये हैं, सहायक कागजात/दस्तावेज संलग्न किये गये हैं और बोलियां हर प्रकार से ठीक हैं।
- रा.आ.बैंक बैंक स्व निर्णयानुसार, मामूली गलतियों, अननुपालन या अनियमितता को अनदेखा कर देगा जिनसे बोली की विषय वस्तु पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, किंतु इस प्रकार से अनदेखी करने का किसी बोलीदाता की रैकिंग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।
- बोली दस्तावेजों के मूल्यांकन के बारे में रा.आ.बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

### 3.19 प्रस्ताव का स्वामित्व

बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव और सभी सहायक प्रलेखन तब तक रा.आ. बैंक की सम्पत्ति होंगे जब तक कि रा.आ. बैंक बोलीदाता का वह अनुरोध लिखित में स्वीकार नहीं कर लेता कि प्रस्ताव तथा प्रलेखन लौटा दिये जाएंगे या नष्ट कर दिये जाएंगे।

### 3.20 बोलीदाताओं को निर्देश

बोलीदाता रा.आ.बैंक की पूर्व लिखित सहमति को छोड़कर रा.आ.बैंक द्वारा सौपे गए कार्य को किसी तृतीय पक्ष

को आउटसोर्स नहीं करेगा और रा.आ.बैंक द्वारा पंजीकृत सभी शिकायतें अपने स्वयं की सेवा/समर्थन अवसंरचना के द्वारा ही निपटाएगा।

### 3.21 कीमत संघटन एवं व्युत्पन्न

- बोलीदाता को **अनुलग्नक VI** में प्रदान किये गये प्रारूप के अनुसार यदि कोई हो, स्पष्ट रूप से कीमतों को प्रस्तुत करना होगा। किसी भी विचलन की स्थिति में बोली अस्वीकार की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, वाणिज्यिक बोली के अलावा किसी भी विकल्प को कोट नहीं किया जायेगा। जहां भी विकल्प दिए जाते हैं, वहां बोली अस्वीकार कर दी जाती है।
- वाणिज्यिक प्रस्ताव एक निश्चित मूल्य के आधार पर होगा।
- जीएसटी का अतिरिक्त भुगतान सांविधिक प्रावधान के अनुसार किया जाएगा।
- परियोजना के कार्यान्वयन की तिथि रा.आ.बैंक द्वारा निर्धारित पत्र सौंपने की तिथि/लेटर ऑफ अवार्ड (प्रारंभिक तिथि) या ऐसी अन्य तिथि की स्वीकृति की तारीख होगी।
- कीमतें वाणिज्यिक बोली के खुलने की तारीख से 12 महीने के लिए वैध होंगी और बोलीदाता उसी मूल्य पर, यदि कोई हो, के अतिरिक्त वस्तुओं की आपूर्ति करेगा।

### 3.22 सहायक सेवाओं की समय पर उपलब्धता

सेवा प्रदाता के पास इस आरएफपी के तहत सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए अहमदाबाद में उचित और पर्याप्त समर्थन तंत्र होना चाहिए।

### 3.23 बोली मूल्यांकन

सबसे कम परियोजना लागत प्रस्तावित करने वाली बोली (**कुल लागत जेड: अनुलग्नक VI**) को परियोजना के लिए चुना जाएगा।

### 3.24 संशोधन एवं वापसी

- प्रत्येक बोलीदाता केवल एक प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा। यदि कोई भी बोलीदाता एक से अधिक प्रस्तावों को प्रस्तुत करता है, तो ऐसे सभी प्रस्तावों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
- बोलीदाता को सूचित किया जाता है कि बोली पूर्व बैठक के बाद ही बोलियाँ प्रस्तुत करें क्योंकि एक बार प्रस्तुत की गई बोली को अंतिम माना जाएगा और इस पर आगे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। बोलियों को प्रस्तुत करने की अंतिम समय-सीमा के बाद किसी भी बोली को संशोधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि बोलीदाता सफल बोलीदाता होता है तो किसी भी बोलीदाता को बोली वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

- रा.आ.बैंक के पास बिना कोई कारण बताए प्राप्त किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार है। किसी भी कारण से बोली दस्तावेजों की गैर-प्राप्ति/गैर-वितरण के लिए रा.आ.बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

**3.25 कीमतों का प्रकटीकरण**

वाणिज्यिक बोली के अलावा तकनीकी या बोली के अन्य भाग में किसी भी रूप में या कारण से कीमतों का उद्घाटन नहीं किया जाएग। ऐसा करने में विफल रहने पर बोली निरस्त होने के लिए पात्र होगा।

**3.26 बोली लगाने वाली कंपनियों की निबंधन व शर्तें**

बोली लगाने वाली कंपनियों को बोली के लिए अपनी स्वयं के निबंधन व शर्तें लगाना आवश्यक नहीं है यदि ऐसी निबंधन व शर्तें प्रस्तुत की जाती है तो उसे उनकी बोलियों के हिस्से के तौर पर नहीं माना जाएगा। बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है **अनुलग्नक- III** के अनुसार विचलन को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करने के लिए, इस आरएफपी पर लागू अनुबंध के नियम और शर्तें उनके लिए स्वीकार्य नहीं हैं। बोलीदाताओं को यह भी स्पष्ट रूप से वर्णन करना होगा कि वस्तुओं और सेवाओं को किस रूप में और किस सीमा तक विनिर्देशों और आवश्यकताओं में निर्धारित विनिर्देशों के अनुसार अलग से प्रस्तावित किया जा रहा है।

**3.27 स्थानीय परिस्थितियां**

बोलीदाता ऐसी स्थानीय परिस्थितियों एवं कारकों से भलीभांति परिचित हो जो संविदा के कार्य निष्पादन एवं/अथवा लागत पर कोई प्रभाव डालते हों।

**3.28** रा.आ.बैंक से सपंर्क करना या बाहरी प्रभाव डालना

बोलीदाताओं के प्रस्ताव मूल्यांकन एवं चयन प्रकिया का मुख्य विषय है। इसीलिए यह आवश्यक है कि बोलीदाता ध्यानपूर्वक अपना प्रस्ताव तैयार करें। बोलीदाता के प्रस्ताव की गुणवत्ता साधन उपलब्ध कराने में बोलीदाता की क्षमता एवं इस परियोजना में बोलीदाता की रूचि के सूचक के तौर पर देखी जाएगी।

**3.29 प्रस्ताव की सामाग्री**

बोलीदाताओं के प्रस्ताव मूल्यांकन एवं चयन प्रकिया का मुख्य विषय है। इसीलिए यह आवश्यक है कि बोलीदाता ध्यानपूर्वक अपना प्रस्ताव तैयार करें। बोलीदाता के प्रस्ताव की गुणवत्ता साधन उपलब्ध कराने में बोलीदाता की क्षमता एवं इस परियोजना में बोलीदाता की रूचि के सूचक के तौर पर देखी जाएगी।

### 3.30 प्रतिबंधित या सूची से निकाले गए बोलीदाता

**बोलीदाता को एक घोषणा देनी पड़ती है कि उन्हें किसी भी सरकारी, अर्ध सरकारी एजेंसियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक या उनके सहायकों द्वारा प्रतिबंधित या सूची से निकाला नहीं गया है। यदि बोलीदाता किसी सरकारी, अर्ध सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक या उनके सहायकों द्वारा प्रतिबंधित किया जाता है तो इस तथ्य को स्पष्ट करना होगा। यदि यह घोषणा नहीं की जाती है, तो बोली को गैर-उत्तरदायी माना जाएगा। यह घोषणा तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत करनी होगी।**

### 3.31 कानूनों का अनुपालन

(क) बोलीदाता को इस निविदा में उन्हें एवं सभी प्रयोजनों में उनको, उनके बारोबार, उनके कर्मचारियों अथवा उनके दायित्वों से संबंधित अथवा लागू प्रवृत्त सभी कानूनों अथवा जो भविष्य में लागू किये जाएं के बारे में पर्यवेक्षण करने, पालन करने, मानने एवं अनुपालन करने एवं रा.आ.बैंक को सूचित करने तथा अपनी ओर से असफल रहने अथवा चूक होने पर व इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाले उपरोक्त एवं सभी अन्य सांविधिक दायित्वों की अनुरूपता अथवा अनुपालन पर अपनी ओर से घटित होने वाली अथवा उत्पन्न होने वाली किसी प्रकार की चूक पर अथवा असफल रहने पर देयता के दावों अथवा मांगों के लिए रा.आ.बैंक एवं इसके कर्मचारियों/अधिकारीगणों/कर्मचारीवर्ग/कार्मिकों/प्रतिनिधियों/एजेंटो की क्षतिपूर्ति, हानिरहित पकड, बचाव एवं रक्षा करने का वचन देना होगा।

(ख) सफल बोलीदाता ऐसी सभी सहमतियां, अनुमतियां, अनुमोदन, लाइसेंस इत्यादि प्राप्त तुरंत एवं समय पर प्राप्त करेगा जो लागू कानून, सरकारी विनियमनों/दिशा निर्देशों के तहत इस परियोजना के किसी भी प्रयोजन एवं अपने स्वयं के कारोबार संचालित करने के लिए अनिवार्य अथवा आवश्यक हो एवं परियोजना/संविदा की अवधि के दौरान उसे वैध अथवा प्रवृत्त रखेगा एवं इसमें किसी प्रकार से असफल रहने अथवा चूक होने की स्थिति में अपनी ओर से असफल रहने अथवा चूक होने पर व इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाले उपरोक्त एवं सभी अन्य सांविधिक दायित्वों की अनुरूपता अथवा अनुपालन पर अपनी ओर से घटित होने वाली अथवा उत्पन्न होने वाली किसी प्रकार की चूक पर अथवा असफल रहने पर देयता के दावों अथवा मांगों के लिए रा.आ.बैंक एवं इसके कर्मचारियों/अधिकारीगणों/कर्मचारीवर्ग/कार्मिकों/प्रतिनिधियों/एजेंटो की क्षतिपूर्ति, हानिरहित पकड, बचाव, रक्षा करने एवं पूरी तरह क्षतिपूर्ति करने का वचन देना होगा और रा.आ.बैंक सलाहकार को यथोचित समय सीमा के भीतर देयता के ऐसे दावे अथवा मांग का नोटिस देगा।

(ग) यदि रा.आ.बैंक विलय, समामेलन, अधिग्रहण, समेकन, पुनर्निर्माण, स्वामित्व में परिवर्तन इत्यादि की प्रक्रिया से गुजरता है तो यह अनुबंध नई संस्था को सौंपे जाने वाला माना जाएगा एवं इस तरह के कार्य से इस अनुबंध के तहत वेंडर के अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(घ) यदि, किसी भी कारण से, नियोक्ता को कामगार प्रतिकर अधिनियम, 1923 के प्रावधानों के आधार पर बाध्य या कार्य के निष्पादन में ठेकेदार द्वारा नियोजित कर्मचारी को मुआवजे का भुगतान करने हेतु कोई भी सांविधिक संशोधन करने या पुन: लागू करने बाध्य किया जाता है, तो नियोक्ता उक्त अधिनियम के तहत ठेकेदार के मुआवजे की राशि का भुगतान करने और मालिक के अधिकारों के लिए बिना किसी पूर्वाग्रह के हकदार होगा। नियोक्ता को इस अनुबंध या अन्यथा के तहत ठेकेदार को नीयोक्ता द्वारा प्रतिभूति जमा राशियां से या किसी भी देय राशि से उसे घटाकर ऐसी राशि या उसके किसी भाग को वसूलने की स्वतंत्रता होगी।

### 3.32 झूठा/अधूरा विवरण

बोलीदाता द्वारा प्रदान किया गया कोई विवरण/घोषणापत्र यदि निविदा के किसी भी चरण में अथवा अनुबंध के किसी भी चरण में स्वीकारी गर्यी उसकी निविदा की स्थिति में गलत अथवा झूठी साबित होती है अथवा अधूरी पाई जाती है अथवा जैसे निविदा प्रदान करने में किसी प्रकार की प्रासंगिक जानकारी रोकती हैतो उसका/उनकी निविदा(यें)/अनुबंध (धों) को निम्नलिखित के अतिरिक्त निरस्त/रद्द कर दिये जाएंगे:

क. यदि ऐसा विवरण निविदा के चरण में पाया जाता है तो बोली को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाएगा। बैंक उचित समझे जाने पर उचित कार्रवाई कर सकता है।

ख. यदि ऐसा विवरण अनुबंध के चरण में पाया जाता है तो रा.आ.बैंक अपने विवेक पर बैंक पीबीजी के आमंत्रण समेत संविदा की समाप्ति हेतु आरएफपी में दी गई उपयुक्त कार्रवाई कर सकता है।

### 3.33 निश्चित समझौता

सफल बोलीदाता पत्र सौंपने/लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) के 15 दिनों के भीतर या रा.आ.बैंक द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर **अनुलग्नक IX** में प्रदान किये गये प्रारूप में मूलत: सेवा स्तरीय करार (एसएलए) पर हस्ताक्षर करेगा। इस आरएफपी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप करार/ करारों के निष्पादन के संबंध में सभी व्यय, स्टांप शुल्क और अन्य शुल्क/व्यय सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे। बोर्ड संकल्प या मुख्तारनामा की प्रति यह प्रदर्शित करनी चाहिए कि हस्ताक्षरकर्ता को स्वीकृति पत्र, संविदा और गैर-प्रकटीकरण करार पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत किया गया है, जिसे प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**3.34 भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश के बोलीदाता से खरीद पर प्रतिबंधः**

भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश से कोई भी बोलीदाता इस निविदा में बोली लगाने हेतु तभी पात्र होगा, जब बोलीदाता सक्षम प्राधिकारी यानी उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा गठित पंजीकरण समिति के साथ पंजीकृत हो।

यद्यपि, यदि बोलीदाता उसी देश से हैं (यदि भारत के साथ भूमि सीमा साझा कर रहे हों) जिस देश में भारत सरकार ने ऋण व्यवस्था लागू की हैं या जिसमें भारत सरकार विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर दिए गए ऐसे देशों की अद्यतन सूची के अनुसार परियोजनाओं के विकास में कार्य कर रही है, तो इस प्रकार का पंजीकरण इस आरएफपी के अंतर्गत पात्र होने हेतु अपेक्षित नहीं है।

बोलीदाता को **अनुलग्नक XII** में संलग्न प्रारूप के अनुसार प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। यदि सफल बोलीदाता द्वारा प्रदान किया गया प्रमाण पत्र नकली पाया जाता है तो यह निविदा के निरस्तीकरण का आधार बनेगा तथा कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चत की जाएगी।

- इस खंड के प्रयोजन हेतु:

क) “बोलीदाता" (कुछ संदर्भों में 'निविदा', 'सलाहकार' अथवा 'सेवा प्रदाता' शब्द सहित) से तात्पर्य है, कोई भी व्यक्ति या फर्म या कंपनी, जिसमें सहायता संघ या संयुक्त उद्यम (जो कई व्यक्तियों या फर्मों या कंपनियों का संघ है), प्रत्येक कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति जो एतदपूर्व उल्लिखित बोलीदाताओं के किसी भी विवरण में नहीं आता, जिसमें किसी भी एजेंसी शाखा या कार्यालय को ऐसे व्यक्ति द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जो खरीद प्रक्रिया में भाग लेता है, शामिल है।

ख) “इस आदेश के उद्देश्य हेतु "भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश से बोलीदाता” का अर्थ: -

(i) देश में शामिल, स्थापित या पंजीकृत संस्था; या
(ii) देश में शामिल, स्थापित या पंजीकृत सहायक कंपनी या संस्था; या
(iii) देश में शामिल, स्थापित या पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से वास्तव में नियंत्रित की गयी संस्था; या
(iv) संस्था जिसका लाभकारी मालिक देश में स्थित है; या
(v) संस्था का भारतीय (या अन्य) एजेंट; या
(vi) साधारण व्यक्ति जो देश का नागरिक है; या
(vii) सहायता संघ या संयुक्त उद्यम जहां सहायता संघ या संयुक्त उद्यम का कोई भी सदस्य उपरोक्त में

से किसी के अंतर्गत आता है।

ग) उपर्युक्त (ख) के प्रयोजन हेतु लाभकारी मालिक निम्नानुसार होगा।

i. कंपनी या सीमित देयता भागीदारी के मामले में, लाभकारी मालिक साधारण व्यक्ति है, जो अकेले या किसी के साथ या एक या एक से अधिक न्यायिक व्यक्ति के माध्यम से कार्य करता है, स्वामित्व हित को नियंत्रित रखता है या जो अन्य माध्यमों से नियंत्रण रखता है।

"स्वामित्व हित को नियंत्रित करना" का अर्थ है, कंपनी के शेयरों या पूंजी या लाभ के पच्चीस प्रतिशत से अधिक का स्वामित्व या हकदारी;

"नियंत्रण" में निदेशकों के बहुमत को नियुक्त करने या उनके शेयरहोल्डिंग या प्रबंधन अधिकारों या शेयरधारकों के करार या वोटिंग करार सहित के आधार पर प्रबंधन या नीतिगत निर्णय को नियंत्रित करने का अधिकार शामिल होगा;

i. साझेदारी फर्म के मामले में, लाभकारी मालिक साधारण व्यक्ति है, जो अकेले या किसी के साथ या एक या एक से अधिक न्यायिक व्यक्ति के माध्यम से कार्य करता है, उसके पास साझेदारी का पंद्रह प्रतिशत से अधिक पूंजी या लाभ की हकदारी का स्वामित्व है;

ii. अनिगमित संघ या वैयक्तिकों के निकाय के मामले में, लाभकारी मालिक साधारण व्यक्ति है, जो अकेले या किसी के साथ या एक या एक से अधिक न्यायिक व्यक्ति के माध्यम से कार्य करता है, जिसके पास संघ या वैयक्तिकों के निकाय की संपत्ति या पूंजी का पंद्रह प्रतिशत से अधिक का स्वामित्व या हकदारी;

iii. जहां किसी भी साधारण व्यक्ति की पहचान उपर्युक्त (i) या (ii) या (iii) में नहीं की गयी है, लाभकारी मालिक प्रासंगिक साधारण व्यक्ति है जो वरिष्ठ प्रबंध अधिकारी का पद ग्रहण करता है;

iv. न्यास के मामले में, लाभकारी मालिक की पहचान में न्यास के प्रणेता, न्यासी, न्यास में पंद्रह प्रतिशत या इससे अधिक ब्याज के साथ लाभार्थी और कोई भी अन्य साधारण व्यक्ति जो नियंत्रण स्वामित्व की श्रृंखला के माध्यम से न्यास पर अंतिम प्रभावी नियंत्रण का उपयोग करता है, शामिल होगी।

घ) एजेंट एक ऐसा व्यक्ति है जो किसी दूसरे के लिए कोई भी कार्य करने या तीसरे व्यक्ति के साथ डील करने में दूसरे व्यक्ति की जगह नियोजित होता है।

**4. न्यूनतम पात्रता मानदंड / पूर्व-योग्यता मानदंड**

कृपया अंग्रेजी आरएफपी का संदर्भ लें।

**5. विविध शर्तें:**

कृपया अंग्रेजी आरएफपी का संदर्भ लें।

**6. ड्राइवर:**

क) वाहनों के ड्राइवर को समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित यातायात नियमों एवं अन्य विनियमों का पालन करना चाहिए। ड्राइवर को संबंधित कार्यालय के स्थान पर सभी महत्वपूर्ण मार्गों से परिचित होना चाहिए जहां सेवाएं दी जानी हैं।

ख)ड्राइवर हमेशा साफ-सुथरे कपड़ों में होना चाहिए, विनम्र, समय का पाबंद एवं अच्छे व्यवहार वाला होना चाहिए तथा आसान संपर्क के लिए हमेशा अपने साथ एक मोबाइल फोन रखना चाहिए। ड्राइवर का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए। ड्यूटी में शामिल होने वाले ड्राइवरों का नाम एवं पूरा पता बोलियों के साथ देना होगा।

**7. अर्थदंड खंड:**

यदि कोई वाहन किसी भी दिन उपरोक्त नियमों और शर्तों को पूरा करने के लिए चूकता है, तो डिफ़ॉल्ट हेतु प्रति वाहन प्रति दिन 2,000/- रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा।

**8. वाणिज्यिक नियम एवं शर्तें:**

बोलीदाताओं से इस परियोजना के लिए वाणिज्यिक नियम एवं शर्तें नोट करने का अनुरोध किया जाता है:-

**8.1 मूल्य**

क) बोलीदाता द्वारा उद्धृत कीमत में सभी प्रकार की लागतें शामिल होनी चाहिए।
ख) मूल्य वाणिज्यिक कर के अनुसार सभी करों (जीएसटी को छोड़कर), कर्तव्यों, शुल्क, परिवहन, बीमा को शामिल किया जाना चाहिए।

ग) समायोज्य मूल्य उद्धरण के साथ प्रस्तुत बोली को गैर-उत्तरदायी माना जाएगा और इसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

घ) अनुबंधित दरों के आधार पर, रा.आ.बैंक अपने विवेक पर पुनः आदेश दे सकता है।

**8.2 भुगतान की शर्तें**

कोई भी भुगतान अनुबंध IX में उल्लिखित मसौदे के अनुसार सेवा स्तरीय करार पर हस्ताक्षर करने एवं अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने और बैंक द्वारा स्वीकार किए जाने के बाद ही जारी किया जाएगा।
कार्य के लिए सभी भुगतान साविंधिक कटौती के बाद किए जाएंगे।

**8.3 संविदा की समाप्ति के मामले में भुगतान**

आरएफपी की शर्तों के अधीन, यदि संविदा का समापन होता है तो सेवाओं के प्रति भुगतान लागू दंड और टीडीएस /अन्य लागू करों को काटने के पश्चात उस अवधि जिसके लिए वे सेवाएं दी गई हों, के लिए यथानुपात आधार पर किया जाएगा।

**9. भुगतान की शर्तें:**

i. राष्ट्रीय आवास बैंक पर विक्रेता/एजेंसी द्वारा मासिक बिलों को प्रस्तुत किया जाना है एवं इस विषय पर आयकर अधिनियम/नियमों के प्रावधान के अनुसार लागू करों की कटौती के बाद मासिक आधार पर भुगतान किया जाएगा।

अन्य निबंधन व शर्तों तथा प्रारूपों के लिए निम्नलिखित वेबसाइट पर जाएं:
www.nhb.org.in – What's New

***किसी भी विवाद की स्थिति में दस्तावेज का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।***

**XXXXXXXXXXX**